6/11/26

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पूर्व): कड़कड़डूमा न्यायालय,दिल्ली

संख्या.....20265...../राजभाषा हिन्दी विभाग/पूर्व/क.क.डू./दिल्ली/2026 दिनांक.....04 NOV 2026

सेवा में,

माननीय प्रभारी अधिकारी
कंप्यूटर अनुभाग (पूर्व),
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।

विषयः-'विविध हिन्दी प्रतियोगिता-2025' के पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह (दिनांक 04 नवम्बर 2026 (बुधवार) के स्थगित होने से संबंधित

माननीय महोदय(या),

उपरोक्त विषय के संदर्भ में, निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि राजभाषा हिन्दी अनुभाग द्वारा आयोजित, वर्ष 2025-26 की **'विविध हिन्दी प्रतियोगिता के पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह'** जो माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की स्वीकृति व आदेशानुसार, दिनांक 04 नवम्बर 2026 (बुधवार) को सांय 04.00 बजे से, सभागार कक्ष (कॉन्फ्रेंस हॉल), तृतीय तल, पूर्वी जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय में संयुक्त रुप से (पूर्व, उत्तर-पूर्व तथा शाहदरा जिला) आयोजित होना तय किया गया था, अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से उक्त प्रस्तावित समारोह स्थगित कर दिया गया है।

उक्त के संदर्भ में यह भी प्रस्तुत है कि इस समारोह का आयोजन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की स्वीकृति से निकट भविष्य में किया जाएगा जिसकी सूचना यथासमय दी जाएगी।

धन्यवाद।

भवदीया,

7/11/2026

नोडल अधिकारी (पूर्व),
केन्द्रीय हिन्दी कार्यान्वयन समिति,
जिला न्यायालय, दिल्ली।